दिगम्बर जैन मंदिर में हुआ धर्मसभा का आयोजन

▶ आर्यिका माता जी ने किया धर्मसभा को सम्बोधित

बड़वानी, (नवभारत)। शहर में विराजित अंकलीकर परम्परा के चतुर्थ पट्टाचार्य सुनील सागर जी महाराज की शिष्या आर्यिका सुप्रज्ञ मति माता जी ने बुधवार को दिगंबर जैन मंदिर में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आचार्य कुन्द कुंद ने रयण सार ग्रंथ में बताया कि सुपात्र दान का फल क्या है। आचार्य ने ग्रन्थ में बताया कि सुपात्र को दान देने से अच्छा कुल, अच्छा परिवार, अच्छा समाज, अच्छे गुरु मिलते हैं। पात्र तीन प्रकार के होते हैं।

उन्होंने कहा कि हम मंदिर आत्म विशुद्धि और आत्मा के कल्याण के लिए आते हैं ना कि आत्मा की कलुशता और परिणाम बिगाड़ने आते हैं। संसार सागर में कोई डूब जाए तो कैसे बाहर निकलेगा। उसके लिए देव, शास्त्र और गुरु रूपी नैया से इस संसार से पार हुआ जा सकता है। जब शरीर काम कर रहा है, इस उम्र में साधू-संतों के सेवा कर लो जवानी की योग्यता है।

पुण्य है तो साधू, संत, देव, शास्त्र आदि की सेवा कर लो। प्रवचन के पूर्व माताजी के मुखारबिंद से शांतिधारा सम्पन्न हुई।

19 जून को निकलेगी शोभायात्रा

19 जून को श्रुत पंचमी को परम पुज्य आचार्य श्री आदि सागर जी महाराज का दीक्षा दिवस भी है और श्रुत पंचमी भी है, तो श्रुत (शास्त्र) की पालकी में शोभायात्रा निकाली जाएगी। आचार्य श्री आदि सागर जी का पुजन, विधान आदि धार्मिक कार्यक्रम होंगे। इस अवसर पर युवा, बच्चे, महिला और पुरुष उपस्थित रहे।

सोनकच्छ के पास स्कॉर्पियो हादसा, दो की मौत

सेंधवा, (नवभारत)। देवास जिले के सोनकच्छ क्षेत्र के पास एक स्कॉर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य लोग घायल हो गए। दुर्घटना उस समय हुई जब इंदौर और सेंधवा से जुड़े एक ही परिवार के सदस्य स्कॉर्पियो वाहन से भोपाल की ओर जा रहे थे।

हादसे में मयूरेश गर्ग 38 पिता संतोष गर्ग निवासी इंदौर तथा सेंधवा निवासी भाजपा प्रवक्ता सुनील अग्रवाल की पत्नी संगीता अग्रवाल 51 की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

घायलों में सुनील अग्रवाल 62 निवासी सेंधवा, शर्मिला गर्ग 36 पत्नी स्वप्नील गर्ग, कनव गर्ग 10 पिता स्वप्नील गर्ग, सुरभि अग्रवाल 28 पत्नी मयूरेश गर्ग, डेढ़ वर्षीय बेबी सुरभि, पलक अग्रवाल 26 पिता सुनील अग्रवाल निवासी सेंधवा, रिमी अग्रवाल 30 पत्नी प्रखर अग्रवाल, प्रखर अग्रवाल 32 पिता सुनील अग्रवाल निवासी सेंधवा, स्वप्नील गर्ग 37 पिता संतोष गर्ग तथा दो वर्षीय दूर्विक गर्ग शामिल हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो सोनकच्छ के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। गंभीर रूप से घायल मयूरेश गर्ग व संगीता अग्रवाल को उपचार के लिए सोनकच्छ सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक मयूरेश गर्ग भाजपा से जुड़े हुए थे। हादसे की सूचना मिलते ही पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय भी सोनकच्छ अस्पताल और घटनास्थल पहुंचे।

भाजपा प्रवक्ता सुनील अग्रवाल की पत्नि सहित दो की मौत, दस लोग घायल

पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है

जानकारी के अनुसार गर्ग और अग्रवाल परिवार के 12 सदस्य नई कार खरीदने के लिए स्कॉर्पियो से भोपाल जा रहे थे। बताया गया कि जिस मॉडल की कार खरीदनी थी, वह इंदौर में उपलब्ध नहीं थी। इसी कारण परिवार भोपाल के लिए रवाना हुआ था। रास्ते में सोनकच्छ के पास यह दुर्घटना हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस एवं प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच प्रारंभ कर दी है।

श्रीमद् भागवत कथा का हो रहा आयोजन

निवाली (नवभारत)। नगर के खेतिया रोड़ स्थित चेकपोस्ट के समीप संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन कथा वाचक कमल किशोर नागर द्वारा पांडाल में हजारों की संख्या में पधारे लोगों को कथा का श्रवण कराया गया।

अच्छा पुत्र मता-पिता को तार देगा

साथ ही नागर जी ने भागवत कथा में पुण्य एवं पाप के बारे में बताया। मनुष्य को हमेशा अच्छे कर्म करना चाहिए, जितना चाहे उतनी लोगों की मदद करनी चाहिए। पुण्य एवं अच्छे कर्म ही मनुष्य के काम के हैं। कथा के दौरान श्री नागर जी ने कहा कि पत्नी अच्छी होगी तो पति को तार देगी और पुत्र अच्छा होगा तो माता-पिता को तार देगा।

भजनों पर झूमें हजारों भक्त

अंत समय प्रभु आना पड़ेगा भजन में हजारों भक्त झूमते नजर आए। साथ ही पुण्य से जुड़ी कई बाते नागर जी द्वारा व्यास पीठ से कही गई, जो व्यक्ति श्री मद भागवत कथा को पूरा सुनता है उसके घर देव पुत्र पैदा होता है। साथ ही कथा के दौरान कथा वाचक नागर जी ने कहा निवाली में जब-जब कथा कराएंगे में कथा करने आऊंगा। साथ ही कहा कि शब्द ही सुन लो शब्द से गति मिल जाएगी। शब्द ही ऐसा है जिससे जीवन बदल जाएगा। साथ ही हजारों भक्तों ने भजनों का आनंद लेते हुए दूसरे दिवस की कथा को सुना।

पिता के निधन पर कराया नेत्रदान

▶ दो जरूरतमंदों को मिलेगी नई रोशनी

सेंधवा, (नवभारत)। जगन्नाथपुरी निवासी दिलीप लखमीचंद नागड़ा का बुधवार दोपहर 12.30 बजे 60 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन के बाद पुत्र हीरेन, अंकित और प्रिंस नागड़ा ने परिवार की सहमति से नेत्रदान का निर्णय लिया।

जैन समाज के रोहित मोमाया की सूचना पर मानव सेवा समिति सेंधवा के संचालक निलेश जैन ने नारायणदास अस्पताल के डॉ आकाश पालीवाल से संपर्क किया। डॉ पालीवाल ने दोनों कॉर्निया निकालकर इंदौर के आई बैंक भेजे, जहां इन्हें दो जरूरतमंद व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किया जाएगा।

नागड़ा परिवार ने दिया संदेश

मानव सेवा समिति के माध्यम से यह 29वां नेत्रदान तथा इस वर्ष जैन समाज का तीसरा नेत्रदान है। नागड़ा परिवार ने अंतिम संस्कार में गोबर के कंडों का उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

बड़गांव में रक्षा सखी के तहत किया जनसंवाद

बड़वानी। एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में संचालित रक्षा सखी अभियान के अंतर्गत महिला थाना बड़वानी द्वारा ग्राम बड़गांव में जनसंवाद एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों को सामाजिक, कानूनी एवं सुरक्षा संबंधी विषयों पर जागरूक कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन व जनभागीदारी का संदेश दिया।

महिलाओं एवं पुरुषों को बच्चों की शिक्षा निरंतर जारी रखने, बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने तथा स्कूल छोड़ चुके बच्चों को पुन: शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही साइबर अपराधों जैसे ऑनलाईन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी धोखाधड़ी, सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी लिंक एवं डिजिटल अरेस्ट से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंकिंग सर व्यक्तिगत जानकारी सांझा नहीं करने की सलाह दी।

एक नजर में

महेश कश्यप सहायक महासचिव निर्वाचित

इंदौर. फेडेरेशन ऑफ नेशनल पोस्टल ओर्गनाईजेशन (एफएनपीओ) की 13 वीं फेडरल कांग्रेस और नेशनल एसोसिएशन ऑफ पोस्टल एम्पलॉयेज ग्रुप सी (एनएएपीई-सी) का 26 वां अखिल भारतीय सम्मेलन लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में हुआ. राष्ट्रीय कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों से एफएनपीओ से सम्बन्ध यूनियनों संघों के करीब 1200 प्रतिनिधी पदाधिकारी और सदस्य सम्मिलित हुए. अधिवेशन का शुभारंभ सांसद (राज्य सभा) एवं एलपीयू के सस्थापक चांसलर डॉ अशोक कुमार मित्तल ने किया. उन्होंने कहा डाक कर्मचारियों ने डाक सेवा देश के दूर-दराज क्षेत्रों को जोडनेके साथ नागरिक सेवा के हित सुविधाएं उपलब्ध करायी है. एफएनपीओ के महासचिव शिवाजी वसिरेड्डी ने यूनियन की गतिविधियों व उपलब्धियों पर रिपोर्ट प्रस्तुत की. सम्मेलन के अंतिम दिन नेशनल एसोसिएशन ऑफ पोस्टल एम्पलाईस सर्व सम्मित से चुनाव किया गया, जिसमें सहयोग कदम (महाराष्ट सर्कल) अध्यक्ष निर्वाचित किया गया. शिवजी वासिरेड्डी आंध्रप्रदेश सर्किल को जनरल सेक्रेटरी, महेश कश्यप (मध्यप्रदेश) सहायक महासचिव निर्वाचित किया गया. इंदौर नगर मंडल से जलज रावत, सन्तुलाल मौर्य, कमल %नवाया, डाक कर्मचारियों एवं अन्य पोस्टमेन एवं एम.टी.एस साथियों ने पूरे मध्यप्रदेश से कश्यप् सर सहायक मासचिव निर्वाचित होन पर बधाई दी.

जेराई फिटनेस ने 'लास्ट वन स्टैंडिंग' लॉन्च किया

इंदौर. कंपनी जेराई फिटनेस लिमिटेड ने रीबॉक को अपने मर्चेंडाइज एवं फिटनेस एक्सेसरी पार्टनर के रूप में शामिल करते हुए 'लास्ट वन स्टैंडिंग'नामक देश की पहली राष्ट्रीय स्तर की स्ट्रेंथ और एंड्योरेंस चैंपियनशिप की घोषणा की है. यह केवल एक फिटनेस प्रतियोगिता नहीं, बल्कि देशभर के फिटनेस प्रेमियों, एथलीटों, जिम जाने वालों और स्वयं को चुनौती देने वाले आम लोगों को एक मंच पर लाने वाला एक व्यापक अभियान है. इस एक दिवसीय चैंपियनशिप के लिए पंजीकरण आज से शुरू हो गए हैं, जबकि इसका पहला एडिशन 13 दिसंबर, को मुंबई में आयोजित किया जाएगा. जेराई फिटनेस के प्रबंध निदेशक तथा 'लास्ट वन स्टैंडिंग' के सूत्रधार राजेश राय ने कहा आज सुविधाओं ने हमारे जीवन में शारीरिक गतिविधि को कम कर दिया है. हमारा शरीर अद्भुत शक्ति से भरपूर है, लेकिन हम उसे चुनौती देना लगातार कम करते जा रहे हैं. 'लास्ट वन स्टैंडिंग'के माध्यम से हम सहनशक्ति, अनुशासन और दृढ़ता की उस भावना को फिर से जीवित करना चाहते हैं. यह मंच केवल श्रेष्ठ एथलीटों के लिए नहीं, बल्कि उन सभी लोगों के लिए है जो स्वयं को परखना और अपनी सीमाओं से आगे बढ़ना चाहते हैं.

इसुजु मोटर्स के प्री-मानसून सर्विस कैंप की शुरुआत

इंदौर. इसुजु अपने ग्राहकों को बेमिसाल सेवाएँ उपलब्ध कराने और वाहनों के मालिक के तौर पर उन्हें बेहतरीन अनुभव प्रदान करने के अपने वादे पर कायम है. अपने इसी वादे को और ज्यादा मजबूत करते हुए, इसुजु मोटर्स इंडिया की ओर से अपने इसुजु डी-मैक्स पिक-अप और एसयूवी रेंज के लिए देश भर में 'इसुजु आई-केयर प्री-मानसून कैंप' का आयोजन किया जाएगा। इस सर्विस कैंप का उद्देश्य ग्राहकों को आकर्षक फायदों के साथ-साथ रखरखाव के लिए एहतियाती जाँच की सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि पूरे देश में सभी ग्राहकों को इस मौसम में बिना परेशानी के शानदार ड्राइविंग का अनुभव मिल सके. 'इसूजू केयर' की इस पहल के तहत, 18 से 24 जून, 2026 (दोनों दिन शामिल है) के बीच देश भर में इसूजू के सभी अधिकृत डीलर सर्विस आउटलेट्स पर प्री-मॉनसन कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान ग्राहक अपने वाहनों के लिए खास ऑफर्स के साथ-साथ शानदार फायदों का भी आनंद ले सकते हैं.

अमेज़न ने ब्यूटीवर्स 2026 की घोषणा की

इंदौर . अमेज़न इंडिया ने आज अपने प्रमुख ब्यूटी डिस्कवरी एक्सपीरियंस, ब्यूटीवर्स की घोषणा की, जो 20 जून को मुंबई में आयोजित होने जा रहा है. इसमें अनन्या पांडे, शिल्पा शेट्टी, सोनाक्षी सिन्हा, करिश्मा कपूर, जैकलिन फर्नांडीस, मीरा कपूर, उर्फी जावेद, महीप कपूर, सुशांत दिवगिकर और कई अन्य हस्तियां शामिल होंगी. पहली बार, ब्यूटीवर्स अमेजन.इन पर एक समर्पित स्टोरफ्रंट के माध्यम से ऑनलाइन भी उपलब्ध होगा, जिससे पूरे भारत में लाखों ग्राहक इस जुलाई में अमेज़न प्राइम डे से पहले हज़ारों ब्रांड्स को एक्सप्लोर कर सकेंगे, नए लॉन्च खरीद सकेंगे और क्रिएटर-आधारित कंटेंट तक पहुंच सकेंगे. अमेज़न इंडिया के डायरेक्टर-ब्यूटी सिद्धार्थ भगत ने कहा, पिछले साल, ब्यूटीवर्स ने 1,400 से अधिक अटेंडीज़ और ब्रांडों को एक साथ लाया था, जिन्होंने इवेंट के बाद अपने व्यवसाय में 1.6 गुना की वृद्धि देखी।

डॉ . दादूजी महाराज संस्थान ने सोमवती अमावस्या पर किया अन्नदान वितरण

पेटलावद। गरीबों ,असहायों ओर निसहाय लोगो की सेवा का संकल्प लेकर देश के सुप्रसिद्व डॉ दादूजी महाराज संस्थान के द्वारा निरन्तर जनसेवा के कार्यो को आगे बढ़ाया जा रहा है ।

इसी क्रम मे गुरुदेव डॉ दादूजी महाराज के नेतृत्व ओर मार्गदर्शन में स्थानीय गुरुभक्तों के द्वारा डॉ दादूजी महाराज संस्थान पेटलावद के बैनर तले प्रत्येक अमावस्या पर अन्नदान का आयोजन किया जा रहा हे,। उल्लेखनीय हे कि इस बार सोमवार को अमावस्या होने के साथ सोमवती अमावस्या का भी अद्भभूद ओर दुर्लभ संयोग सोमवार 15 जून को को रहा इस दुर्लभ संयोग पर दान पुण्य ओर अन्नदान का महत्व ओर दुगुना बढ़ गया ।इस विशेष अवसर पर महेशचंद(पिंटू) भटेवरा के द्वारा पूरे वर्ष के लिय 12 अमावस्या की एकमुश्त दानराशि का सहयोग किया, इसी के साथ संगठन के अशोक वर्मा, सुभाषचंद्र वर्मा,

वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेन्द्र भंडारी, युवा भाजपा नेता दीपक राठौर, आर्यावर्त पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष हरीश राठौर, स्नेहलता पुरोहित, एडवोकेट पत्रकार मनोज पुरोहित, भाजपा महिला प्रकोष्ठ की सुमन सोलंकी, भूपेंद्र पिता भागीरथ राठौड़,,प्रदीप कुमरावत, एडवोकेट दीपक बैरागी, पत्रकार अर्जुन ठाकुर, पीयूष राठौड़ ,प्रणय वर्मा, अमन वर्मा, रुद्र वर्मा , आदि ने अन्नदान राशि देकर सहयोग किया।

सोमवार 15 जून को सोमवती अमावस्या के शुभ अवसर पर संस्थान के सदस्यों ने समीपस्थ ग्राम गोपालपुरा के में स्थित श्री बालाजी मंदिर पर पहुंचकर पुजारी रायसिंह भाई राठौर , एवं मंदिर समिति के सदस्य मंगलसिह खपैड , मुन्नालाल राठौर, लालजी राठौर चौकीदार, सतीश खपेड़, भूरालाल खपेड़ , भूरालाल खपेड़ , बालचंद बामनिया, मंगलसिह राठौर , एडवोकेट खुशाल हीहोर के स साथ मिलकर सर्वप्रथम विधि विधान से पूजन कर भगवान श्री बालाजी महाराज के पूजन के उपरांत भगवान श्री शनिदेव ओर दादूजी महाराज के जयकारों के साथ खिचड़ी प्रसादी अन्नदान वितरण किया ।

इस पर संस्थान के सदस्य एडवोकेट श्री खुशाल हीहोर की उपस्थिति ओर महेशचंद्र भटेवरा, सुमन सोलंकी के विशेष सहयोग के साथ ही साथ प्रसादी बनाने ओर वितरण में भूरा भाई खपेड़ , प्रभु भाई मेडा ,खुशाल नर्व मेडा,सननू , उदा ,मुकेश देवड़ा, सुरतान मंगलसिह खपेड़, सतीश सहित समस्त ग्रामवासियों का भरपूर सहयोग मिला ।

झाबुआ जिले को मिले नए सीएमएचओ डॉ . चोपड़ा ने संभाला पदभार

पेटलावद. झाबुआ जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए डॉ.एम.एल.चोपड़ा ने मंगलवार को प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) के पद का विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। उनके पदभार संभालने के साथ ही जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा और गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी प्रशासनिक आदेश के तहत डॉ. एम.एल. चोपड़ा को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई

है। इससे पहले वे पेटलावद में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी (सीबीएमओ) के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे और अपने कार्यकाल के दौरान बेहतर प्रबंधन एवं जनहितकारी कार्यों के लिए पहचाने जाते रहे हैं।

पदभार ग्रहण करने के बाद डॉ.एम.एल.चोपड़ा ने कहा कि जिले के प्रत्येक नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। शासकीय अस्पतालों में उपलब्ध सुविधाओं को और बेहतर बनाने, ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजनाओं के सफल क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम के साथ समन्वय स्थापित कर पारदर्शी एवं जवाबदेह कार्यप्रणाली विकसित की जाएगी, जिससे मरीजों को समय पर उपचार और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी नए सीएमएचओ का स्वागत करते हुए बेहतर नेतृत्व में जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद व्यक्त की है। विशेष रूप से दूरस्थ आदिवासी अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में नए प्रयास किए जाने की संभावना जताई जा रही है। डॉ.एम.एल.चोपड़ा के पदभार ग्रहण करने के साथ ही झाबुआ जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की उम्मीदें और मजबूत हुई हैं।

दावों के बावजूद हजारों उपभोक्ता परेशान, एक महीने में भी 7,784 बिजली शिकायतें दर्ज

इंदौर. मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भले ही बिजली आपूर्ति संबंधी शिकायतों में कमी आने का दावा कर रही हो, लेकिन हकीकत यह है कि पश्चिम मध्यप्रदेश के 15 जिलों में आज भी हजारों उपभोक्ता बिजली समस्याओं से जूझ रहे हैं. कंपनी के ही आंकड़े बताते हैं कि 15 जून तक बिजली आपूर्ति संबंधी शिकायतों की संख्या 7,784 रही, जो यह दर्शाती है कि व्यवस्था में अभी भी गंभीर खामियां बनी हुई हैं.

कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान ने शिकायतों में करीब 20 प्रतिशत कमी होने का दावा किया है. उनके अनुसार 15 मई को शिकायतों की संख्या 9,277 थी, जो एक माह बाद घटकर 7,784 रह गई. हालांकि सवाल यह उठता है कि यदि बिजली आपूर्ति व्यवस्था में वास्तव में व्यापक सुधार हुआ है, तो फिर एक ही दिन की स्थिति में हजारों शिकायतें दर्ज होने की नौबत क्यों आ रही है?

क्षेत्र के 62 लाख उपभोक्ताओं को बिजली उपलब्ध कराने वाली कंपनी के लिए प्रतिदिन हजारों शिकायतों का दर्ज होना उपभोक्ता सेवा की वास्तविक स्थिति पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है. उपभोक्ताओं का कहना है कि कई क्षेत्रों में बार-बार बिजली कटौती, लो-वोल्टेज, ट्रिपिंग और शिकायतों के समाधान में देरी जैसी समस्याएं अब भी आम हैं.

रक्तदान करने वालों को किया सम्मानित

इंदौर. डॉ दादू महाराज संस्थान इंदौर द्वारा विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर रक्तदान दाताओं का सम्मान किया गया. प्रमुख रूप से 134 बार रक्तदान करने वाले डॉ अभिजीत तायडे को डॉ. दादू महाराज द्वारा सम्मानित किया गया.

साथ ही. रक्तदान दाताओं आशीष साहू, उज्वला मर्खेडकर, सनी जादम, सौरभ मर्खेडकर, नानेश तायडे के रक्तदान के प्रति जागरूकता के लिए प्रशंसा कर प्रति 17 जनवरी धाम स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर लगाने का संकल्प भी लिया गया. सपना संगीता स्थित भगवान दिन नगर, सुहाना गार्डन में इस आयोजन में बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे. इस अवसर पर दादू महाराज ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि हर स्वस्थ व्यक्ति को समय समय पर करते रहना चाहिए क्योंकि रक्त का कोई विकल्प नहीं है, स्वागत मनोज हार्डिया, प्रताप तोलानी और गिरीश चव्हाण ने किया. संचालन विजय अंबेकर ने किया. आभार अलका सैनी ने माना. प्रमुख रूप से संदीप अंबेकर, विनायक विपट, अशोक भुसारी, नवीन मंडलोई उपस्थित रहे.

एक नजर में ▶ इंदौर का संदेश ... 1 किलोमीटर से कम दूरी? गाड़ी नहीं, पैदल सही!

मिनीथॉन का असर, इंदौर ने बढ़ाए बदलाव की ओर छोटे कदम

इंदौर. नगर निगम द्वारा आयोजित 'मिनीथॉन- छोटी वॉक, बड़ा इम्पैक्ट' अब एक कार्यक्रम से आगे बढ़कर शहर में एक सकारात्मक बदलाव का आंदोलन बनता जा रहा है.

मिनीथॉन में शामिल हुए नागरिकों ने महसूस किया कि 1 किलोमीटर से कम दूरी के लिए वाहन का उपयोग करने के बजाय पैदल चलना न केवल आसान है, बल्कि इसे

रोजमर्रा की आदत भी बनाया जा सकता है. कई प्रतिभागियों ने बताया कि मिनीथॉन के बाद उन्होंने संकल्प लिया है कि वे अब छोटी दूरियों के लिए पैदल चलने को प्राथमिकता देंगे. उनका कहना है कि 1 किलोमीटर से कम दूरी को पैदल तय करना न केवल आसान है, बल्कि यह स्वास्थ्य, पर्यावरण और ईंधन बचत- तीनों के लिए लाभकारी है. प्रतिभागियों ने इस बदलाव को अपने जीवन में अपनाने की खुशी व्यक्त की और इसे एक स्थायी आदत बनाने का संकल्प लिया. इस वॉक ने लोगों को यह एहसास कराया कि छोटे-छोटे बदलाव भी बड़े परिणाम ला सकते हैं.